

# पुलिया ने खोली घटिया निर्माण की पोल

▸ **इंजीनियर-एई के सुपरविजन पर उठे गंभीर सवाल**

**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर से 3 किमी दूर निवाली तहसील के ग्राम पीपलधार में दो वर्ष पहले बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुई पुलिया आज तक अधूरी पड़ी है। ग्रामीणों व किसानों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। सवाल यह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद पुलिया दो साल भी नहीं टिक सकी और जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक क्या कार्रवाई की।

पुलिया का निर्माण पुराना बताया जा रहा है, लेकिन बारिश में पुलिया के आधे हिस्से के बह जाने से घटिया निर्माण की पोल भी खुल गई है। पुलिया निर्माण में जहां 6 से 8 इंच सीमेंट कांक्रीटीकरण होना चाहिए, वहां दो से तीन इंच कांक्रीटीकरण ही दिखाई दे रहा है और नीचे मिट्टी दिखाई देने लगी है।



पीपलधार में नाले पर बनी पुलिया दो वर्ष पूर्व बरसात के दौरान आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिया का आधा हिस्सा बह गया, लेकिन आज तक उसका पुनर्निर्माण नहीं हो सका। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस निर्माण पर सरकारी धन खर्च हुआ, वह निर्माण बह कैसे गया। क्या निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हुआ था। यदि नहीं, तो इसकी जवाबदेही किसकी है।

ग्राम पंचायत से लेकर तकनीकी अमले तक निर्माण कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी रहती है। ऐसे में प्रश्न उठ रहा है कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद पंचायत सचिव, संबंधित इंजीनियर और एई ने मौके का निरीक्षण किया या नहीं। यदि किया तो जांच रिपोर्ट कहां है। क्या गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच हुई। यदि जांच हुई तो किस अधिकारी, ठेकेदार या जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। दो साल बाद भी इन सवालों के जवाब ग्रामीणों को नहीं मिल सके हैं। क्यों दो साल बाद भी पुलिया को दुरूस्त नहीं किया जा सका।

ग्रामीणों के अनुसार पुलिया क्षतिग्रस्त होने से नाले से लगे खेतों की उपजाऊ मिट्टी लगातार बह रही है। किसानों को खाद, बीज और फसल परिवहन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आने-जाने वाले लोगों के लिए भी यह स्थान खतरा बना हुआ है और कई लोग यहां गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि वे कई बार सरपंच से पुलिया निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। इस संबंध में एसडीएम और तहसीलदार को भी आवेदन दिए तथा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई या निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

> **पुलिया दुरूस्त कराएंगे**
>
> पुलिया अतिवृष्टि में क्षतिग्रस्त हुई है। एई को निर्देशित कर इसका रिइस्टीमेट तैयार करवाकर पुलिया को दुरूस्त करवाएंगे। वीरल पटेल,
> **सीईओ जनपद पंचायत कार्यालय, निवाली**

किसान इल्मुद्दीन मंसूरी ने बताया कि एक और बरसात दस्तक दे रही है, लेकिन पुलिया अब भी अधूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान और ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# स्कूलों बसों की औचक जांच, थमाए नोटिस

**बड़वानी, ( नवभारत )।** नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के सख्त निर्देशों के बाद रविवार को राजपुर पुलिस और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बड़वानी की टीम ने क्षेत्र के 5 प्रमुख स्कूलों की बसों का औचक निरीक्षण किया।

### मानकों की अनदेखी पर कड़ा रूख

जांच के दौरान कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई गई, जिस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्कूल संचालकों को तत्काल सुधार के लिए कानूनी नोटिस थमाए हैं।

### इन स्कूलों की बसें खंगाली

यह कार्रवाई एसपी पद्मविलोचन शुक्ल एवं एएसपी धीरज बब्बर के निर्देशन तथा एसडीओपी आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी माधवसिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम आरटीओ कर्मचारी संजय मंडलोई और ऑपरेटर लक्की रावत ने क्षेत्र की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रेडियंट स्कूल, प्राइम एकेडमी, पूजा पब्लिक स्कल एवं विजन स्कूल की बसों को रोककर बारीकी से खंगाला।




> **7 दिन की मोहलत, दोबारा होगी जांच**
>
> संयुक्त टीम ने जिन बसों में कमियां पाई हैं, उनके प्रबंधन को 7 दिन में सभी कमियों को दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया है। तय समय सीमा समाप्त होने के बाद इन वाहनों की दोबारा री-चेकिंग की जाएगी। यदि इसके बाद भी सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित स्कूली वाहनों को तत्काल जब्त किया जाएगा व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर में**

## राम बनी में भव्य दीपयज्ञ का आयोजन



**पेटलावद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार पेटलावद द्वारा अखण्ड ज्योति शताब्दी एवं परम वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम बनी के अम्बिका चौक में भव्य दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ पेटलावद के ट्रस्टी श्री राजेश पालीवाल एवं श्री राजेंद्र पाटीदार तथा तहसील अध्यक्ष श्री रामाजी पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीपयज्ञ के माध्यम से उपस्थित परिजनों को व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश दिया गया। साथ ही युवाओं के चरित्र निर्माण एवं उनके प्रति परिवारों की जिम्मेदारियों पर विशेष प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में व्याप्त विसंगतियों से बचाव, नशामुक्ति, मंत्र लेखन, जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। यज्ञोपैथी के महत्व को समझाते हुए परिवारों एवं समाज में नियमित तथा सामूहिक यज्ञ करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम बनी के पाटीदार समाज के धर्मराज जी, बाबूलाल जी, शांतिलाल जी, जीवन जी, राधाकिशन जी, रामचंद जी, गोविंद जी, हरिराम जी, रामचरण जी, अमित जी, पंकज जी, प्रज्ञेश जी, धीरज जी, शिवम जी एवं अमित जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मार्गदर्शन पेटलावद के सक्रिय वरिष्ठ परिजन श्री जीवन भट्ट ने किया। आयोजन को सफल बनाने में चेतन शर्मा, निलेश राठौड़, रामकृष्ण सोलंकी, विट्ठल धानक, तुषार गोयल, प्रकल्प पंवार एवं राजेंद्र मोरिया का विशेष सहयोग रहा अंत में उपस्थित सभी परिजनों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन, संस्कार संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## शुरुआत गांव से हुई है, लेकिन लक्ष्य भारत में पत्रकार एकता का परचम लहराना है :अग्निहोत्री



**थांदला।** आमतौर पर बड़े सम्मेलन शहरों में आयोजित होते हैं, लेकिन झाबुआ जिले के छोटे से गांव परवलिया में रविवार को पत्रकार एकता और संगठन शक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी गूंज अब प्रदेश ही नहीं, देशभर में सुनाई देगी। आर्यावृत पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 'उड़ान' पत्रकार मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश और राजस्थान के विभिन्न जिलों से सैकड़ो पत्रकारों ने भाग लेकर एकजुटता, सम्मान और संगठन के नए संकल्प को मजबूती प्रदान की। आयोजन में राष्ट्रीय संरक्षक दिलीपसिंह चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलीम शेरानी, राष्ट्रीय सचिव कमलसिंह सोलंकी, राष्ट्रीय महासचिव राकेश सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विजय नीमा, प्रदेश प्रवक्ता महेश पाटीदार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलीम शेरानी , साथ ही कमल सिंह सोलंकी, दिलीप सिंह चौहान, राकेश सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। कक्षा 10वीं की सुमन प्रभु भूरिया, कक्षा 12वीं के प्रदीप प्रेमसिंह निनामा, उभरती प्रतिभा रितिका पाटीदार, अधिवक्ता मयूरी राजू धानक, कवि आशीष नागर तथा सोशल मीडिया क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राकेश डाबी एवं प्रफुल्ल धामनिया सहित कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों का भी सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह स्वरूप बैग भेंट किए गए।आयोजन को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष विवेक व्यास, तहसील अध्यक्ष धीरज वाघेला, इमरान खान, संदीप खत्री, कुलदीप वर्मा, नीलिमा डाबी, सोहनसिंह परमार, हितेश पंचाल, कौस्तुभ व्यास, माणकलाल जैन, बंटी भारती, पीयूष राठौड़, जीवन राठौड़, चिंटू देवाणा, अर्जुनसिंह राठौड़ एवं उमेश पाटीदार भूमिका निभाई ।.

# बड़वानी में युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म साजिश के तहत निरस्त किए जाने की घटना लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है। इस अनुचित एवं पक्षपाती निर्णय के विरोध में जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में सोमवार को चुनाव आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर शांतिपूर्ण, लेकिन सशक्त विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह के निर्णय जनतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने वाले हैं। हम इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हैं और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक माध्यम से संघर्ष करते रहेंगे।




इस दौरान विधायक राजन मण्डलोई, प्रदेश सचिव गिरीश जायसवाल, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस आदित्य गोयल, विधायक प्रतिनिधि विष्णु बनड़े, विस युवक कांग्रेस अध्यक्ष सचिन यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला युवा कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के संकल्प को दर्शाता है।

# पानी की मोटर चुराने वाले आरोपी पकड़ाए

**बड़वानी/सेंधवा, ( नवभारत )।** खेतों से सिंचाई मोटर पंप चुराने वाले बदमाशों के खिलाफ बड़वानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में सेंधवा ग्रामीण थाना व चाचरिया चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पिपल्याडेब से दो शातिर आरोपी कैलाश पिता सुरपाल व मड़िया पिता लालसिंग को गिरफ्तार किया है।



जानकारी अनुसार 7 जून की रात पिपल्याडेब तालाब के पास से किसानों की 3 विद्युत मोटरें चोरी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट फरियादी रूमसिंग ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना पर दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। मनोवैज्ञानिक पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 40 हजार कीमत की मशरूका 3 मोटरें बरामद कर ली हैं।

## हॉकी खिलाड़ी को कलेक्टर ने किया सम्मानित




**बड़वानी।** जापान के काकामिगहारा में 29 मई से 6 जून तक महिला हॉकी अंडर-18 एशियाई चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली बड़वानी की होनहार खिलाड़ी स्नेहा दावदे का जिला प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। कलेक्टोरेट सभागृह में कलेक्टर जयति सिंह ने स्नेहा को 11000 का चेक और प्रशस्ति-पत्र देकर उनके साहस और दृढ़ संकल्प की सराहना की। हॉकी कोच मुकेश राठौर ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए अपने सभी लीग मैच जीते। टूर्नामेंट में स्नेहा दावदे ने श्रेष्ठ मिडफील्डर की भूमिका निभाते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कट्ठीवाड़ा में जनकल्याण शिविर में आए 334 आवेदन

## विशेष पखवाड़े में मौके पर ही किया अधिकतर का निराकरण

**कट्ठीवाड़ा।** पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक चल रहे विशेष पखवाड़े के तहत जनपद पंचायत कट्ठीवाड़ा में आयोजित जनकल्याण शिविर में पहले दिन बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लिया। दोपहर 3 बजे तक विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 334 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण एवं हितलाभ वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई।

शिविर का निरीक्षण कलेक्टर नीतू माथुर एवं जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम ने किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर पात्र हितग्राहियों के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। कलेक्टर माथुर ने कहा कि 12 से 18 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक उनके गांव में ही पहुंचाना है, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरित किया गया। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रिया किराड़ एवं वंशिका बारिया को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, वहीं आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों को भी हितलाभ वितरित किए गए। जनपद पंचायत सीईओ गोपाल प्रजापति के अनुसार शिविर में जन्म प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, संबल पंजीयन, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लर्निंग लाइसेंस, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व, विद्युत, मातृ वंदना योजना एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 334 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया देर शाम तक जारी रही।






# जनकल्याण शिविरों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कट्ठीवाड़ा के सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की 50 एवं 100 दिनों से लंबित शिकायतों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों के शीघ्र और संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज विभिन्न विभागों की होगी समीक्षा

**बड़वानी।** जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 16 जून सुबह 11 बजे से जनजातीय कार्य विभाग के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ काजल जावला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग की समीक्षा की जाएगी।

## अपोलो टायर्स ने वीमेन इन ब्लू के संकल्प का किया सम्मान

इंदौर. भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के प्रमुख प्रायोजक अपोलो टायर्स ने अपने चर्चित अभियान 'हर सफर में दम है' की प्रेरणादायक भावना को आगे बढ़ाते हुए एक नया अध्याय प्रस्तुत किया है, जो वीमेन इन ब्लू की प्रेरक यात्राओं पर प्रकाश डालता है.

## योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशव्यापी साप्ताहिक योग अभियान शुरू

**आलीराजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वावधान में 21 जून तक मध्यप्रदेश की जेलों में प्रदेशव्यापी साप्ताहिक योग अभियान का शुभारंभ किया गया।

अभियान का शुभारंभ विवेक रूसिया द्वारा केन्द्रीय जेल जबलपुर से वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिला जेल आलीराजपुर एवं उपजेल जोबट में भी यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार मण्डलोई के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें बंदियों को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों ने वर्चुअल माध्यम से बंदियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। यह साप्ताहिक योग अभियान 21 जून 2026 (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस) तक निरंतर जारी रहेगा।



# मंत्री चौहान ने 15 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

▸ **ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से लोगों को होगी सुविधाएं**

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह चौहान ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। कैबिनेट मंत्री चौहान ने ग्राम अंधारकांच एवं ग्राम कड़वाणिया में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया।



कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा ग्राम अंधारकाच में लगभग 5.10 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसकी स्वीकृत लागत 7 करोड़ 22 लाख 05 हजार रुपये है। वहीं शाम को ग्राम कड़वानिया में 6.50 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसकी लागत 8 करोड़ 66 लाख 76 हजार रुपये है। दोनों स?के अपने ग्राम से गुजरात सीमा तक निर्मित होगी, जो अपने ग्राम, जिले एवं प्रदेश को सीधे गुजरात राज्य से जोड़ने का कार्य करेगी। इस अवसर पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी, कृषि उपज के परिवहन में आसानी होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों तक पहुंच और अधिक सुगम बनेगी। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की आधारशिला होती हैं और सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भूमिपूजन कार्यक्रमों में अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्रम भयडि़या, धुलसिंह बामनिया, मंडल अध्यक्ष पंकज चौहान, केवान, बज्जू मंडलोई, मुफिल भाई, खुमान सिंह, मंडल अध्यक्ष गोविंद आवासीय, नरीन मोरी, गणपत रावत, राहुल भयडि़या, उमेश, गमता सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए 19 जून को यात्रियों को होना होगा उपस्थित

**बड़वानी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा 20 जून से 23 जून तक कराई जाएगी। अपर कलेक्टर सोहन कनाश से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार-ऋषिकेश की यात्रा के लिए जिले को 196 बर्थ आवंटित की गई है। चयनित यात्रियों को नगर पालिका परिसर बड़वानी से 19 जून की शाम 5 बजे रवाना किया जाएगा। चयनित यात्री 19 जून को शाम 5 बजे नगर पालिका परिसर बड़वानी में उपस्थित हो।